बिहार लोक सेवा आयोग

15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना – 800001

आवश्यक सूचना

बिहार लोक सेवा आयोग की प्रतियोगिता परीक्षा के अभ्यर्थियों द्वारा आयोग की परीक्षा की शुचिता प्रभावित करने के संबंध में सतही, मनगढ़ंत, कृत्रिम (Manufactured) एवं विरचित/गढ़ी हुई (Fabricated) शिकायतों को रोकने एवं वास्तविक/सच्ची, साक्ष्य/प्रमाणों पर आधारित शिकायत को सुगमता से दायर करने हेतु निम्नांकित व्यवस्था की जाती है:–

1. अभ्यर्थी बिहार लोक सेवा आयोग के Online Application Portal (https://bpsconline.bihar.gov.in) पर जाकर Username एवं Password से Login कर Dashboard पर उपलब्ध "GRIEVANCE" के Dropdown में से "Exam Malpracatice" पर Click करते हुए संबंधित शिकायत दर्ज कर सकते हैं।
2. विज्ञापन संख्या–43/2025 के अंतर्गत निम्न वर्गीय लिपिक मुख्य (वस्तुनिष्ठ) प्रतियोगिता परीक्षा के अभ्यर्थी, उन्हें आवंटित परीक्षा केन्द्र/परीक्षा कक्ष में हुई किसी अनियमितता/कदाचार के संबंध में शिकायत दर्ज कर सकते हैं।
3. शिकायत शीघ्रातिशीघ्र या परीक्षा समाप्ति के पश्चात् 48 घंटे के भीतर दर्ज की जा सकेगी।
4. अभ्यर्थी को अपनी शिकायत के साथ Affidavit (शपथ–पत्र) Upload करना अनिवार्य होगा। जिन शिकायतों में शपथ–पत्र नहीं होगा, उन शिकायतों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
5. अभ्यर्थी कथित अनियमितता/कदाचार के पूर्ण विवरणी, उससे संबंधित साक्ष्य/प्रमाण, घटना का समय, संबंधित व्यक्तियों के नाम (अगर जानते हो तो) इत्यादि को अपने शिकायत में स्पष्ट रूप से उल्लेखित करें, ताकि शिकायत की शीघ्र एवं प्रभावी जाँच की जा सके। अपूर्ण, अस्पष्ट सतही, बैगर साक्ष्य/प्रमाण/शपथ–पत्र की शिकायतों पर विचार नहीं किया जाएगा।
6. परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थियों को छोड़कर किसी अन्य कोई व्यक्ति शिकायत नहीं कर सकेगा।
7. असत्य, निराधार, तथ्यहीन, भ्रामक, अफवाह/कल्पना/अनुमान पर आधारित शिकायत करने वाले अभ्यर्थियों पर नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी।
8. उपरोक्त व्यवस्था के तहत समर्पित शिकायतों की जाँच जिला पदाधिकारी, संबंधित केन्द्राधीक्षक/प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी या जिला के नोडल पदाधिकारी से 72 घण्टे में कराते हुए प्रतिवेदन आयोग को समर्पित करेंगे। जाँच अभ्यर्थियों द्वारा समर्पित साक्ष्य/प्रमाण, परीक्षा केन्द्र पर लगाए गए CCTV, केन्द्र पर . प्रतिनियुक्त वीक्षकों के कथन इत्यादि के आधार पर की जायेगी।

15/09/25

परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना